**खबर संक्षेप**

## मुरमखाप धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार रविवार को खाद्य विभाग एवं सहकारिता विभाग द्वारा उपार्जन केन्द्र मुरमखाप का निरीक्षण किया गया। जिसमें उपार्जन के दौरान मार्ग अवरूद्ध किये जाने तथा आंगनवाड़ी का रास्ता बन्द किये जाने की शिकायत थी, जिसे तत्काल उपार्जित धान का स्टैंड लगवाया गया तथा सड़क मार्ग के आस-पास रखे धान को चार ट्रकों से परिवहन कराकर मार्ग को खाली कराया गया। धीमी परिवहन होने के कारण मुरमखाप से खगुआ ग्राम का मार्ग, धान की बोरियां रखे जाने तथा परिवहन के दौरान ट्रक लगने से प्रातः बंद हो जाता था। निरीक्षण के दौरान खरीदी प्रभारी को व्यवस्थित ट्रक लगवाने के निर्देश दिए गए। साथ ही उपार्जित धान को सुरक्षित रखने एवं स्टेज लगाने को कहा गया। इस दौरान किसानों को सहयोग करने का अनुरोध किया गया। निरीक्षण के दौरान सहकारिता विस्तार अधिकारी श्री जितेन्द्र तेकाम एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री संजय झारिया, खरीदी प्रभारी समिति प्रबंधक तथा किसान उपस्थित रहे।

## ग्राम पंचायतों में प्रत्येक मंगलवार को जल-सुनवाई के निर्देश

**मण्डला।** मण्डला जिले के आमजन मानस को स्वच्छ जल प्राप्त होना अनिवार्य है, जल की गुणवत्ता का समय-समय पर परीक्षण, पानी की टंकी का वर्ष में 2 बार सफाई, पेय जल गुणवत्ता का परीक्षण तथा रेडंम सेम्पलिंग किया जाना आवश्यक है। साथ ही शैक्षणिक व शासकीय सस्थाओं के पेयजल संयत्रों की सेम्पलिंग कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, मण्डला की गुणवत्ता परीक्षण लेब में किया जाना आवश्यक है। जल की छोटी सी छोटी समस्याओं का त्वरित निदान के लिए प्रत्येक मंगलवार को आम जनसुनवाई के साथ जल-सुनवाई प्रत्येक ग्राम पंचायतों में पटवारी व सचिव के द्वारा किया जावेगा तथा जल से संबंधित शिकायतों का शीघ्र निराकरण किया जावेगा। खण्ड मुख्यालय में भी प्रत्येक मंगलवार को जल सुनवाई की जावेगी।

**आर.ई.एस. करा रही गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य**


# कार्य पूर्ण लेकिन भुगतान क्यों लंबित

*** इन निर्माण कार्यो की कौन करेगा जांच।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

जिले के छोटे ठेकेदार जो 2-4 और 5 लाख के निर्माण कार्य करते हैं उनके कार्यो की न केवल लगातार जांच की जाती है बल्कि कार्यो की गुणवत्ता को लेकर भी अधिकारी उन पर दबाव डालते हैं और भुगतान को लेकर परेशान भी करते है लेकिन दूसरी ओर जिले की सरकारी निर्माण एर्जेसियाँ करोड़ों के निर्माण कार्य गुणवत्ताहीन करा रही हैं इन कार्यो की न तो कोई जांच कराता और न ही देखने जाता।

निर्माण एजेंसी आर.ई.एस. द्वारा अकेले बिछिया विकासखण्ड में लगभग 50 करोड़ से ऊपर के विभिन्न निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं इनमें सड़क, भवन, स्टाप डेम, अमृत सरोबर, नहर निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं इनमें से अधिकांश निर्माण कार्य विभाग के अनुसार पूर्ण हो चुके हैं लेकिन मैदानी हकीकत यह है कि अभी भी बहुत से निर्माण कार्य अधूरे पड़े हैं या जिस तरह से होने चाहिये थे उस तरह निर्माण नहीं किये गये हैं।



करोड़ों के निर्माण कार्य पूर्ण बताये जा रहे हैं लेकिन भुगतान शेष बताया जा रहा है इसे क्या समझा जाये क्या भुगतान पूरा का पूरा बाकी है या फिर आखिरी किस्त ही निर्माण कार्य की शेष रह गई है।

निर्माण कार्यो की जांच या फिर उनकी समीक्षा विभाग के कौन से अधिकारी करते हैं और कब करते हैं यदि लगातार निर्माण कार्यो को देखा जाता तो निर्माण कार्यो की इस तरह दुर्गति नहीं होती।

रामनगर जो कि एक पर्यटन स्थल है और प्रत्येक वर्ष यहां विभिन्न सरकारी कार्यक्रम आयोजित होते हैं जिसमें एक बड़ा कार्यक्रम आदि उत्सव के नाम से मनाया जाता है इस स्थान पर जो निर्माण कार्य आर.ई.एस. द्वारा संपन्न कराये जा रहे हैं उनकी अकेले गुणवत्ता देख ली जाये तो समझा जा सकता है कि ग्रामीण क्षेत्रों के निर्माण कार्य की क्या स्थिति होगी। जब रामनगर जैसे पर्यटन क्षेत्र पर जहां पर कि बड़े-बड़े मंत्री और अधिकारियों का प्रवास होता है वहां जब गुणवत्ता को लेकर इस तरह समझौता किया जा रहा हो तो अन्य स्थानों पर क्या ही किया जा रहा होगा।

रामनगर में पुल के समीप नर्मदा जी में एक घाट का निर्माण कराया गया है घाट की निर्माण लागत 27 लाख रूपये से अधिक है लेकिन घाट देखा जाये तो 20 सीढ़ी मुश्किल से बनी है घाट से नर्मदा जी का जल काफी दूर है और सीढ़ियों के बीच की दूरी इतनी हैं कि उसे एक बार में पार करना संभव नहीं लिहाजा तकनीकि रूप से इसे सही नहीं माना जाता और बाद में फिर इन सीढ़ियों के बीच अलग से स्टेप बनाये जा रहे हैं उनमें भी गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा।

लगभग 50 लाख रूपये बस स्टैण्ड का निर्माण किया गया है जो भी लागत के हिसाब से उचित नहीं नजर आता। बस स्टैण्ड में ही एक कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र बनाया गया है जिसकी लागत लगभग 15 लाख रूपये है इस भवन को पूर्ण बताया जा रहा है जबकि इसमें अभी बहुत से हिस्सों में प्लास्टर नहीं हुआ है और तो और कहीं-कहीं सेंटिंग भी नहीं खोली गई हैं ऐसी स्थिति में आर.ई.एस. विभाग द्वारा इस भवन को पूर्ण बताना निश्चित रूप से भ्रष्टाचार को संबल देना ही है।






## संपतिया उइके के प्रयासों से साकार हुआ सपना




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

नगर नैनपुर के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में केंद्रीय विद्यालय नैनपुर के भवन हस्तांतरण का कार्यक्रम रविवार को विधिवत रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्रीमती संपतिया उइके मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने इस उपलब्धि को नैनपुर और आसपास के ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा की दिशा में मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालय के प्रारंभ होने से क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ शिक्षा का लाभ मिलेगा, जिससे समग्र विकास को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती उइके ने बताया कि जब तक स्थायी भवन पूरी तरह संचालित नहीं हो जाता, तब तक केंद्रीय विद्यालय अस्थायी रूप से नवीन कन्या विद्यालय भवन में संचालित किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विद्यालय के संचालन के लिए सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं।

अपने उद्बोधन में मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि यदि किसी भी स्तर पर संसाधनों या राशि की कमी आती है, तो उसे पूरा किया जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि 1 अप्रैल से केंद्रीय विद्यालय नैनपुर विधिवत रूप से प्रारंभ हो जाएगा तथा प्राचार्य से लेकर शिक्षकों और अन्य स्टाफ की सभी रिक्तियाँ शीघ्र भर दी जाएंगी। सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते और कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के सहयोग और योगदान की सराहना की और कहा कि उनके समन्वित प्रयासों से ही यह महत्वपूर्ण शैक्षणिक संस्थान क्षेत्र को मिल सका है।

उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी 2021 को, जब श्रीमती संपतिया उइके राज्यसभा सदस्य थीं, तब उन्होंने नैनपुर में केंद्रीय विद्यालय की घोषणा की थी। इसके बाद निरंतर प्रयासों और समन्वय के परिणामस्वरूप यह विद्यालय अब मूर्त रूप ले सका है। नैनपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत समनापुर में विद्यालय भवन को स्वीकृति प्रदान की गई है, जहाँ तीन वर्षों की प्रक्रिया के बाद अब इसका स्थायी संचालन प्रारंभ होने जा रहा है।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी सहित अन्य विशिष्ट जनप्रतिनिधियों, एसडीएम श्री आशुतोष ठाकुर, विद्यालय प्राचार्य सहित स्टाफ और बड़ी संख्या में आम नागरिकों की सहभागिता रही।

## किसानों की कड़ी मेहनत और लगन से ही हमारी धरती समृद्ध होती है-मंत्री श्रीमती उइके

**मण्डला।** मध्यप्रदेश शासन के निर्णयानुसार वर्ष 2026 को "कृषक कल्याण वर्ष" के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले में कृषि विकास को नई दिशा देने के लिए कृषि रथ अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ मंडी परिसर में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम में मंत्री श्रीमती उइके ने हरी झंडी दिखाकर कृषि रथ को रवाना किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, श्री भूपेन्द्र वरकड़े, श्री जयदत्त झा, श्री रानू राजपूत, उप संचालक कृषि श्री अश्विनी झारिया मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन किसानों के हित में लगातार निर्णय लेकर उन्हें समृद्ध बनाने की दिशा में कार्यरत है। अन्नदाता किसान के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार कई योजनाएं संचालित कर रही है। किसानों की कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण से ही हमारी धरती समृद्ध होती है। उनके इस परिश्रम को सम्मान देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्ष 2026 को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में घोषित किया है। मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि किसान की आय दोगुनी एवं कृषि लागत को कम करना ही सरकार की मंशा है। हमारे पूर्वजों ने जो परंपरागत रूप से प्राकृतिक खेती करते रहे हैं। हमें उसे प्रोत्साहित करते हुए बरकरार रखना है। मोटे अनाज को हमारी भोजनशैली का हिस्सा बनाने की दिशा में सकारात्मक पहल की गई है। रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना की शुरूआत हुई है। मंडला जिले का गुड़ अपनी खुशबू और स्वाद के लिए जाना जाता है। आज मंडी में गुड़ विक्रय करने आए किसानों को नए वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं और मकर संक्राति पर्व की बधाई। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती को अपनाते हुए रसायनमुक्त खेती की ओर हमें अग्रसर होना हैं। जिले के प्रगतिशील कृषक आगे आकर भूमि को कीटनाशकमुक्त बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाएं।

## राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विवेकानंद फिटनेस सेंटर का उद्घाटन

**मण्डला।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 12 जनवरी 2026 को पं. दीनदयाल उपाध्याय इण्डोर स्टेडियम मण्डला में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके और सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते के मुख्य आतिथ्य में विवेकानंद फिटनेस सेंटर का उद्घाटन, मण्डला गॉट टैलेंट और खेलो एमपी यूथ गेम्स का लांच किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका मण्डला अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी श्री विकास खराड़कर ने अवगत कराया कि मुख्य अतिथियों द्वारा अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित जिम का उद्घाटन होगा। 12 जनवरी को खेलो एमपी यूथ गेम्स का लांच कार्यक्रम भी होगा। युवा दिवस पर मुख्य अतिथियों द्वारा मण्डला गॉट टैलेंट का लांच किया जाएगा। इस अवसर पर लाईव सिंगिंग और डांस प्रस्तुति भी होगी। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन के सहयोग से नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट मण्डला के द्वारा युवा दिवस के अवसर पर जिले के युवाओं को नया मंच देने का एक प्रयास है। इसमें 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रतिभाशाली युवाओं को सिंगिंग और डांस के क्षेत्र में प्रतिभा दिखाने का अवसर प्राप्त होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को क्यूआर कोड स्केन कर अथवा पर अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा जिसका शुल्क 500 है। प्रतियोगिता के ऑडीशन 19 और 20 जनवरी 2026 को होंगे। सेमीफायनल 22 जनवरी 2026 को और ग्रेंड फिनाले ज्ञानदीप इंग्लिश मिडियम स्कूल मण्डला में किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नम्बर 8966821052 और 9977094310 पर सम्पर्क किया जा सकता है। प्रथम पुरस्कार 51000 रूपए और कान्हा सफारी, द्वितीय पुरस्कार 21000 रूपए और तृतीय पुरस्कार 11000 रूपए और सांत्वना पुरस्कार भी दिये जाएंगे।

**भक्ति कथा**

**श्रीमद् भागवत कथा से आध्यात्मिक उल्लास से गूंजा घुलघुल घाट।**

# श्री कृष्ण सुदामा की मित्रता परम उदाहरण

*** समापन अवसर पर रही श्रद्धालुओं की भीड़।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

निवास/मण्डला।निवास जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम घुलघुल घाट पौंडी में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का पावन आयोजन 5 जनवरी से प्रारंभ होकर 11 जनवरी को भव्य समापन के साथ संपन्न हुआ। इस आध्यात्मिक महोत्सव में ग्राम सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया।



ग्राम के मध्य विशाल पंडाल में आयोजित कथा में व्यासपीठ को प्रसिद्ध कथावाचक पंडित उदय प्रकाश पाण्डेय शास्त्री (ग्राम नंदवन बरही, जिला कटनी) ने सुशोभित किया। उन्होंने अपनी ओजस्वी, भावपूर्ण एवं मार्मिक शैली में भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का सुंदर वर्णन कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



कथा के अंतिम दिवस पं. पाण्डेय शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा माता देवकी के छह पुत्रों को लौटाने, सुभद्रा हरण तथा भगवान कृष्ण और सुदामा की अनुपम मित्रता के प्रसंगों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। सुदामा चरित्र के दौरान श्रीकृष्ण द्वारा अपने बालसखा के स्वागत में द्वार तक दौड़कर आना और उन्हें गले लगाने का दृश्य सुनकर श्रद्धालु भाव-विह्वल हो उठे।

कथावाचक ने कहा कि सच्ची मित्रता कैसी होती है, इसका सर्वोत्तम उदाहरण श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता है। द्वारपालों द्वारा सुदामा को रोकने और श्रीकृष्ण द्वारा उनका नाम सुनते ही दौड़कर आकर गले लगाने का प्रसंग सुनकर पंडाल में भक्ति और भावनाओं का सागर उमड़ पड़ा। इस अवसर पर प्रस्तुत की गई मनोहारी झांकी पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर आनंद व्यक्त किया।

कार्यक्रम के संयोजक श्री घनश्याम प्रसाद यादव एवं श्री विजय यादव ने बताया कि कथा आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समाज में आध्यात्मिक चेतना का संचार एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना था। कथा के दौरान प्रतिदिन भजन-कीर्तन, प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया।

समापन दिवस पर विशेष हवन एवं महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस पावन अवसर पर विजय यादव, कुलदीप यादव, प्रकाश यादव, झूमक यादव, चंदन यादव सहित सैकड़ों गणमान्य नागरिक एवं भक्तजन उपस्थित रहे। आयोजन ने पूरे ग्राम को भक्तिमय एवं उत्सवधर्मी वातावरण से सराबोर कर दिया।

## शहर को व्यवस्थित और स्वच्छ रखने कवायद

*** कलेक्टर के नेतृत्व में अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त अभियान।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



शहर की सड़कों को अतिक्रमण से मुक्त कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के नेतृत्व में जिला प्रशासन का अमला रविवार को सड़कों पर उतरा। अभियान के दौरान प्रमुख बाजारों, मुख्य मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण हटवाए गए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्वयं मौके पर उपस्थित रहकर कार्रवाई की निगरानी करते रहे और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने दुकानदारों और ठेले-फेरी वालों से संवाद करते हुए कहा कि सड़कें आम नागरिकों की सुविधा, यातायात और आपात सेवाओं के लिए होती हैं। अतिक्रमण से न केवल जाम की स्थिति बनती है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि शहर हमारा है, इसे साफ़-सुथरा और व्यवस्थित रखना हम सभी की सामूहिक ज़िम्मेदारी है। सड़क किनारे होर्डिंग्स, बोडर्स आदि नहीं शहर को व्यवस्थित और स्वच्छ रखने का दिया संदेश। दल गठित कर उद्योग विभाग द्वारा दुकानदारों को दी गई अनुमतियों और लाइसेंस की जांच की जाए।



अभियान के दौरान दुकानदारों को निर्धारित सीमा में ही व्यापार करने की समझाइश दी गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पहले चरण में समझाइश और सहयोगात्मक रवैया अपनाया जाए, लेकिन इसके बाद भी नियमों का उल्लंघन होने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। नगर प्रशासन, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने अभियान को सुचारु रूप से अंजाम दिया।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने यह भी निर्देश दिए कि भविष्य में नियमित निरीक्षण किए जाएं ताकि अतिक्रमण दोबारा न हो। साथ ही, वैकल्पिक व्यवस्थाओं और चिन्हांकन के माध्यम से दुकानदारों को सुव्यवस्थित तरीके से व्यापार करने में सहयोग किया जाए।

इससे शहर की यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी, पैदल यात्रियों को सुविधा मिलेगी और स्वच्छ, सुंदर शहर की दिशा में ठोस कदम बढ़ेगा। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री राजेंद्र कुमार सिंह, एसडीएम श्रीमति सोनल सिडाम, नगर पालिका अधिकारी श्री गजानंद नाफ़डे सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ढ़ाई साल पहले अपने ही पति की हत्या करने वाली पत्नि को न्यायालय ने सुनाई आजीवन कारावास सहित आर्थिक दंड की सजा

**मामले में लोक अभियोजक पवन अग्रवाल ने की पैरवी**

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

भले ही अपराध करने वाले व्यक्ति अपने बचाव को लेकर कितने भी प्रयास करे मगर जब मामला विद्वान न्यायाधीश के समक्ष पहुंचता है तो वहां पर दूध का दूध व पानी का पानी होने से नही चूकता है और अपराधियों को सजा मिलकर रहती है।










कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस स्थानीय न्यायालय में उस समय देखने मिली जब लगभग ढ़ाई साल पहले समीपस्थ चीचली पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम सुजानपुर सेहरा हार में घटित हुये एक सनसनी खेज जघन्य हत्या कांड में अपने पति की हत्या करने वाली पत्नी को मा. विद्वान न्यायाधीश द्वारा आजीवन कारावास सहित आर्थिक दंड की सजा से दंडित किया गया है। स्थानीय न्यायालय की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मा. श्रीमति संतोषी बासनिक द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 09/2024 थाना चीचली अपराध क्रमांक 313/2023 धारा 302 भारतीय दंड विधान का निर्णय सुनाते हुये अभियुक्त पुनिया बाई ठाकुर को आजीवन कारावास सहित 2000 रूपया के अर्थ दंडित से दंडित की सजा सुनाई गई। इस प्रकरण में शासन की ओर से लोक अभियोजन पवन अग्रवाल द्वारा पैरवी की गई थी। वही पवन अग्रवाल द्वारा बताये अनुसार समीपस्थ चीचली थाना के अंतर्गत ग्राम सुजानपुर सेहरा हार में बीते हुये ढ़ाई साल पहले यानि की 29 अक्टूबर 2023 को दोपहर के लगभग 4 बजे अभियुक्त पुनिया बाई ठाकुर द्वारा अपने ही घर की दहलान पर पति बद्रीप्रसाद ठाकुर की कुल्हाडी मारकर हत्या की गई थी। बताया जाता है कि घटना के पूर्व पति पत्नी के बीच पैसा तथा जेबर गिरबी रखे जाने की बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी के चलते पुनिया बाई ने गुस्से में आकर अपने पति ब्रदी प्रसाद के सिर के पास कुल्हाडी से प्रहार किया जिसके चलते जहां बद्री प्रसाद ठाकुर की मौके पर ही मौत हो गई थी। वही घटना की सूचना मिलने पर तत्कालीन थाना प्रभारी एस आई रोहित पटैल ने मौके पर पहुंचकर मामले मृतक के शव का पंचनामा बनाते हुये मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया गया था। वही चीचली थाना प्रभारी द्वारा इस मामले की जांच उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में करते हुये आरोपी पत्नी पुनिया बाई खिलाफ हत्या कामला कायम करते हुये आरोपी को गिरफ्तार करते हुये मा. न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था। वही मा. न्यायालय अतिरिक्त सत्र न्यायधीश श्रीमति संतोषी वासनिक गाडरवारा द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 09/2024 पर सुनवाई करते हुये अभियाग पत्र व अभियोजन साक्षियों की साक्ष्य एवं अभियोजक द्वारा प्रस्तुत किये साक्ष्य व तर्को से संतुष्ठ होते हुये अपने निर्णय में अपने ही पति की हत्या करने वाली आरोपी पत्नी पुनिया बाई ठाकुर निवासी सुजानपुर सेहरा हार थाना चीचली को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं 2000 रूपया के अर्थदंड से दंडित किया गया है। ज्ञात हो कि इस प्रकरण में पैसों तथा जेबर गिरी रखने की बात को लेकर अपने पति की हत्या करने वाली पत्नी को सजा दिलाने में अभियोजन की ओर अपर लोक अभियोजक पवन अग्रवाल द्वारा पैरवी करते हुये मा. न्यायालय के समक्ष अपने साक्ष्य व तर्क प्रस्तुत किये गये और उन साक्ष्य तथा तर्को से सहमत होते हुये न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई। वही दूसरी ओर इस मामले में पुलिस की ओर से उप पुलिस अधीक्षक गाडरवारा रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में तत्कालीन चीचली थाना प्रभारी रोहित पटैल द्वारा जांच करते हुये मामले का अंतिम प्रतिवेदन मा. न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था।

## खबर संक्षेप

### पलंग का मचेबा मारकर चोट पहुंचाई

गाडरवारा। समीपस्थ ग्राम बरेली बरहटा निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरा छोटा भाई विनोद कहार मछली पकड़ते वाले पटाखे से हाथ जल गया था इसी बात को लेकर प्रार्थी द्वारा उसे समझाते हुये कहा कि इस तरह जोखिम भरे काम मत करो यदि कुछ हो गया तो बच्चों का क्या होगा। इसी दौरान दूसरा भाई शंभु शराब के नशे में आया तो उसकी पत्नी को प्रार्थी द्वारा सझमताते हुये कहा कि यह आये दिन शराब पीकर झगडे करता रहता है। इसी बुराई के चलते बीते हुये दिवस शुंभ कहार, विनोद व बबली गंदी गंदी गालिया देने लगे जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो इस दौरान प्रार्थी का लड़का लवकुश भी पहुंच गया था जिसने बीच बचाव करने का प्रयास किया तो उसके साथ पलंग के मचेवा से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### साली के पति ने जीजा की कर दी पिटाई

गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस जिला विदिशा के मै ग्राम इमलानी थाना सिरोंज निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरी साली रवीना कुशवाहा की शादी डोला बाबा निवासी छोटू कहार के साथ हुई थी। बीते हुये दिवस प्रार्थी अपने साथी नीलेश माझी के साथ अपनी मोटर साईकल से साली रवीना कुशवाहा को देखने डोला बाबा गाडरवारा आया था। इस दौरान जीजा ने अपनी साली से चलने के लिये बोता तो साली के पति छोटू कहार द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये कहा कि मेरी पत्नी तुम्हारे साथ नही जावेगी और डंडा से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। साली के पति से पिटे हुये जीजा ने घटना की शिकायत पुलिस थाने में किये जाने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### मारपीट करते हुये चोट पहुंचाई

गाडरवारा। स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस नगर के विवेकानंद वार्ड निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये रात के समय मै अपने पति के साथ घर पर थी तभी मेरे घर के सामने मोहल्ले का आकाश जाटव को असलम खान शराब पीकर विवाद करने को मना कर रहा था तभी मै घर के बाहर आया और बोला की कौन हल्ला कर रहा है तभी मोहल्ले का पारस जाटव आकर बोला की किसे चिल्ला रहा है कहते हुये गंदी गंदी गालियास देने लगा। इसी दौरान प्रार्थी की पत्नी आ गई जिसने विवाद करने से रोका तो आरोपी पारस जाटव द्वारा मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### गन्ना ट्राली की टक्कर से कार को पहुंची क्षति

गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस इटारसी के गांधी नगर निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस वह अपने दोस्तो के साथ अपनी टाटा सफारी कार क्र.MP04CF0025 से गाडरवारा अपने दोस्त की शादी में में शामिल होने के लिये गाडरवारा आ रहा था। इसी दौरान ग्राम नांदनेर के पास पहुचे तभी सामने तरफ से एक गन्ने से भरा ट्रेक्टर क्र.MH19AP9940 का चालक तेज गति व लापरवाही पूर्वक ट्रेक्टर चलाकर लाया और प्रार्थी की टाटा सफारी में टक्कर मारते हुये क्षति पहुंचाने के चलते पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी ट्रेक्टर चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### पत्नी ने शराब के लिये नही दिये पैसा तो पति दीवार पर मारा सिर

गाडरवारा। नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस शहर के सोया प्लांट के पास निवास करने वाली एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरा पति शराब पीने का आदि है जो आये दिन घरू बातो को लेकर शराब के नशे मे मारपीट करता रहता है। इसी प्रकार से बीते हुये दिवस प्रार्थिया से उसके पति द्वारा शराब पीने पैसों की मांग की गई तो पत्नी ने पैसा देने से इंकार किये जाने पर पर आरोपी पति द्वारा अपनी पत्नी का सिर दीवार में मारते हुये चोट पहुंचाई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़ित पत्नी की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## कायस्थ सभा द्वारा बैठक करते हुये बनाई अपनी कार्यकारिणी, विनोद अध्यक्ष तो आशीष को बनाया महासचिव

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। निश्चित कोई समाज हो या फिर संगठन जबतक उसमें एकता नही होती है तो मजबूती नही मिल पाती है। इसी के चलते संगठन को मजबूरी प्रदान करने के लिये कार्य कारणी का गठन करते हुये दायित्व सौपे जाते है। कुछ इसी प्रकार से नगर के कायस्थ समाज द्वारा अपनी कार्यकारणी का गठन करते हुये अनेक अलग दायित्व सौपे गये है। बताया जाता है कि बीते हुये रविवार को नगर के एक गार्डन में कायस्थ समाज गाडरवारा बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर सबसे पहले भगवान चित्रगुप्त पूजन करने के उपरांत समाज की एकजुटता पर बल दिया गया। वही युवाओं को समाज से परिचित कराने उन्हें प्रेरित करने पर चर्चा हुई। बताया जाता है कि इस मौके पर समाज की कार्यकारिणी का भी मनोनयन किया गया जिसमें अलग अलग दायित्व सौपे गये। इस तरह समाज के वरिष्ठजनों की सहमति से विनोद श्रीवास्तव को अध्यक्ष पद पर तो अरुण श्रीवास्तव व दिनेश श्रीवास्तव सहित संजय श्रीवास्तव एवं राजकुमार श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष के पद पर मनोनित किया गया। वहीं आशीष सक्सेना और दुर्गेश श्रीवास्तव कोठिया को महासचिव बनाया गया है। इसी प्रकार से संगठन सचिव कुलदीप श्रीवास्तव, संदीप खरे, शिवकुमार खरे, संदीप श्रीवास्तव, प्रचार प्रभारी अरुण श्रीवास्तव उड़नी पिपरिया को तथा कोषाध्यक्ष बृजमोहन श्रीवास्तव को दायित्व सौपा गया है। वही महिला प्रकोष्ठ में रजनी श्रीवास्तव, टीना खरे, मोनिका खरे तो व्यवस्था प्रभारी संदीप हेमंत, अजय, मार्ग दर्शक मंडल में कुशलेंद्र श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, सुरेंद्र श्रीवास्तव तथा कार्यकारिणी में शुभम श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव को भी शामिल किया गया है।




## आज भीष्म पितामह जयंती पर कौरव सेवा समिति द्वारा किया जावेगा रक्त दान शिविर व भव्य महाआरती का आयोजन

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। मानव समाज के अराध्य भगवान गंगापुत्र भीष्म पितामह की जयंती हर वर्ष कौरव समाज द्वारा जिस तरह बडे ही धूमधाम के साथ मनाई जाती है। उसी प्रकार से इस वर्ष भी कौरव सेवा समिति व संपूर्ण कौरव समाज द्वारा गंगापुत्र भीष्म पितामह की प्रतिज्ञा के कीर्तिमान को अटल मानते हुये मानव सेवा के रूप में मनाने के लिये अग्रसर होते हुये देखी जा रही है। जिस तरह गंगापुत्र भीष्म पितामह को मानव समाज के अराध्य भ्गवान माना जाता है। क्योंकि उनकी सोच सदा ही मानव सेवा के रूप में रहने के चलते कौरव सेवा समिति द्वारा उनके कदमों पर चलते हुये जहां मानव सेवा के रूप पर उनकी जयंती के पावन अवसर पर पीड़ितों की सहायता के लिये लगातार अनेक प्रकार के आयोजन किया जाते है। वही दूसरी ओर कौरव



सेवा समिति द्वारा आज सोमवार को कौरव समाज एवं सकल समाज के आराध्य भीष्म पितामह जी की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में गाडरवारा शहर से लेकर गांव गांव विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। गंगापुत्र भीष्म पितामह की जयंती के मौके पर कौरव सेवा समिति द्वारा आज रक्तदान शिविर का आयोजन करने के उपरांत नगर के उत्सव भवन में शाम 6 बजे भव्य महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। ज्ञात हो कि कौरव सेवा समिति हर साल जहां गर्मी के दिनों में सड़को पर प्यासे भटकते हुये मूक पशुओं के लिये पानी की व्यवस्था करना तथा ठंड के दिनों में ठंड से परेशान होकर नगर की रेल्वे स्टेशन, बस स्टेन्ड सहित अन्य जगहों पर भ्रमण करने वाले गरीबों के लिये कम्बल वितरण करना तथा समाज का नाम रोशन करने वाले छात्र छात्राओं सहित युवाओं का सम्मान करने के कार्य निरंतर जारी रहते है।

## आज युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा स्वामी विवेकानंद का जन्मदिवस, आयोजित होगे सूर्य नमस्कार सहित योगा के कार्यक्रम







हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। शिक्षा विभाग द्वारा जारी किये गये आदेश अनुसार आज 12 जनवरी को शिक्षण संस्थाओं में स्वामी विवेकानंद का जन्मदिवस युवा दिवस के रूप में मनाने के साथ सूर्य नमस्कार के कार्यक्रम आयोजित करने के लिये निर्देशित किया गया है। इसी के चलते आज नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं में अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जावेगे। वही नगर सहित क्षेत्र में आज 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद का जन्मदिवस युवा दिवस के रूप में मनाने की तैयारियाँ की गई है। बताया जाता है कि इस अवसर पर सभी विद्यालयों,महाविद्यालयों एवं अन्य शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने सामूहिक सूर्य-नमस्कार एवं इससे जुड़े कार्यक्रमों में स्वयं सेवी संगठनों एवं आमजन की भागीदारी भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। क्षेत्र की समस्त शिक्षण संस्थाओं में आज 12 जनवरी को प्रातः 9 बजे से प्रातः 10:30 बजे तक एक साथ सामूहिक सूर्य-नमस्कार कराया जाएगा। यह आयोजन एक संकेत पर एक साथ संपन्न किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् एवं मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन किया जाएगा। वही बताया जाता है कि इस मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा संदेश का रेडियो के माध्यम से प्रसारण भी किया जाएगा। बताया जाता है कि आज 12 जनवरी को आयोजित सामूहिक सूर्य-नमस्कार कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। सामूहिक सूर्य-नमस्कार में कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी शामिल होंगे एवं प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थी दर्शक की भूमिका में रहेंगे। इस अवसर पर विद्यार्थियों को योग एवं स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के महत्व की जानकारी भी दी जाएगी। शनिवार को स्कूलों में सूर्य नमस्कार की तैयारियो को अंतिम रूप दिया गया एवं छात्र छात्राओं ने अभ्यास भी किया गया।

## देवी भक्तों ने चलाया नर्मदा को चुनरी अर्पित करते हुये चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।



निश्चित ही क्षेत्र के लोग सौभाग्य शाली है जिन्होंने माँ नर्मदा के किनारे जन्म लिया गया है। क्योंकि माँ नर्मदा इस तरह होती है कि उनके दर्शन करने मात्र से ही पुण्य लाभ अर्जित होने से नही चूकता है। यही परिणाम है कि क्षेत्र के लोगों को माँ नर्मदाजी जहां आये दिन दर्शन प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। इसी का परिणाम है कि माँ नर्मदाजी के आर्शीवाद के चलते क्षेत्र में आज तक किसी तरह से कोई बड़ी विपत्ति का सामना करने के लिये मजबूर नही होना पड़ा है। मगर इसके बाद भी देखा जाता है कि कुछ लोग माँ नर्मदाजी के आंचल को गंदा करने से नही चूकते है। अक्सर देखा जाता है कि लोग श्रद्वा के साथ माँ नर्मदा के पूजन के लिये तो पहुंचते है। मगर इस दौरान वह अपने घरों से ले जाने वाली पन्नी सहित अन्य प्रकार की सामग्री वही पर छोड़कर आ जाते है जो माँ नर्मदा के तट का गंदगी फैलाने में सहायक होने से नही चूकती है। मगर कुछ भक्त इस तरह से भी होते है जो माँ नर्मदाजी के तट पर गंदगी फैलने के चलते सफाई करते हुये देखे जाते है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिवस श्री नव दुर्गा युवा शक्ति समिति द्वारा मां नर्मदा के ककरा घाट पहुंचकर जहां माँ नर्मदाजी को चुनरी अर्पित कर पूजन किया वही आयोजित किये गये भंडारे में सैकड़ो लोगों ने प्रसादी ग्रहण की गई। वही बताया जाता है कि बीते हुये रविवार की सुबह युवा शक्ति समिति के सदस्यो द्वारा शहर के शक्ति चौक से धर्म ध्वज एवं मां नर्मदा की चुनरी लेकर ककरा घाट तक पदयात्रा करते हुये पहुंचे। वही माँ नर्मदाजी को चुनरी अर्पित करते हुये सफाई अभियान चलाया गया।

### धडल्ले से काटे जा रहे सड़क किनारे लगे हुए हरभरे वृद्व

साईंखेड़ा। जहां एक ओर शासन प्रशासन द्वारा प्रतिवर्ष हरियाली महोत्सव मनाते हुए वृक्षारोपण करते हुए पेड़ लगाये जाने के नाम पर लाखों रूपया खर्च करते हुए अधिकारियों व नेताऊं द्वारा फोटो निकालवाते हुए अखबारों में प्रकाशित करते हुए वाही वाही लूटी जाती है..? मगर वही दूसरी ओर इस समय सड़को के किनारे लगे हुए हरे भरे वृक्षों पर जिस प्रकार से धडल्ले से कुल्हाडी चल रही है उस ओर किसी के द्वारा ध्यान नही दिये जाने से संपूर्ण हरियाली उत्सव पर सबाल खड़े होते हुए जान पड़ रहे है..? बताया जाता हे कि इस समय क्षेत्र में लगे हुए हरे भरे वृक्षों की कटाई का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा हैं, जिसमें बताया जाता है कि इस समय सक्रिय लकड़ी चोरो से जुड़े हुए लोगों द्वारा झिकोली सांईखेड़ा से लेकर पिपरिया मार्ग के तिराहे ग्राम पिठहरा तक सड़क किनारे लगे हुए आम के पेड़ों को पहले किसी दबा का उपयोग करते हुए उन्हें सुखाया जाता है, इसके बाद उन्हें धडल्ले के साथ दिन दहाड़े काटते हुए गायब कर दिया जाता है, जबकि गौर किया जावे तो इस मार्ग से जहां प्रतिदिन पुलिस अधिकारियों के साथ साथ अन्य विभाग के अधिकारियों का आना जाना लगा रहता है। मगर इसके बाद भी इस ओर किसी के द्वारा ध्यान नही दिया जाना चिंता का विषय बनता जा रहा है? इतना ही नही वन विभाग की भूमिका पर गौर किया जावे तो वन विभाग का अमला इस क्षेत्र में कभी आने की जरूरत भी नही समझता है, जिसके चलते लकड़ी चोरों के हौसले पूर्णरूप से बुलंद नजर आ रहे है? लोगों का कहना है कि वर्षो पूर्व सड़क के किनारे लगाये ये आम के पेड़ गर्मियों में छाया देने के साथ फल भी देते है, परन्तु कतिपय स्वार्थी लोगों द्वारा इन हरे भरे वृक्षों की कटाई धड़ल्ले से की जा रही है जिसके चलते जहां पर्यावरण बिगड रहा है।

## बुलट की फटाख नुमा आवाज से नगरवासियों की रात की नींद हो रही मुश्किल, मनमानी वालों पर अंकुश लगाने में प्रशासन असफल

हरिभूमि न्यूज/ सालीचौका।



शहर में वाहनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, सड़कों पर हजारो वाहनो की आवाजाही होती रहती है किन्तु दुर्भाग्य की बात है कि अधिकतर वाहन चालक तेज गति से तो वाहन चलाते ही है साथ ही ओवर लोड वाहन भी फर्राटे से सड़कों पर दौड़ाये जाते है। बताया जाता है कि अनियंत्रित गति से नगर के मुख्य मार्गो पर दौड़ रहे वाहनो से यातायात व्यवस्था तो भंग हो ही रही है साथ ही कभी कभार जाम की स्थिति निर्मित होने से राहगीरो की भी मुसीबत हो रही है। वही शहरवासियो का कहना है कि नगर की सड़के संकीर्ण होने से अनियंत्रित गति से चल रहे वाहनो के कारण दुर्घटनाओं की आशंका सदैव बनी रहती है। वही दूसरी ओर इस समय आधी रात को नगर की सड़कों पर फटाखा के समान आवाज निकालते हुए दौड़ रही बुलट गाड़ी के चलते जहां लोगों का रात के समय सोना मुश्किल हो रहा है वही दूसरी ओर नगर की शांति व्यवस्था को भी ग्रहण लगते हुए देखा जा रहा है। बताया जाता है कि रात के समय कुछ युवकों द्वारा नगर के मुख्य मार्गो के आलवा अन्य कुलियों में देर रात को अपनी बुलट गाड़ी को लेकर इस प्रकार से दौड़ाते हुए उससे फटाखा की तरह तरह आवाज निकाली जाती है जिसक चलते जहां रात में सोने वाले लोगों की नीद तो खराब होती ही है साथ साथ अपनी पढ़ाई में जुटे हुए छात्र छात्राओं को भी पढ़ाई में व्यवधान पैदा होते हुए देखा जा रहा है..? जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस प्रकार से फटाखानुमा आवाज निकलने वाली यह गाड़िया पुलिस की आंखों के सामने से भी रात के समय अनेक चक्कर लगाते हुए आसानी से देखी जाती है और रात्रि कालीन गस्त व्यवस्था में तैनात पुलिस अधिकारियों की नजरों के सामने से भी अनेको बार यह गाड़िया गुजरती रहती है। मगर इसके बाद भी पुलिस द्वारा इस प्रकार से मनमानी करने वालों के खिलाफ किसी भी प्रकार का अंकुश नही लगाया जाना जहां आम लोगों के लिए परेशानी का कारण साबित हो रहा है, इसलिए जरूरी है कि आल लोगों की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा अनियंत्रित गति से व तेज आवाज करने वाले वाहन चालन पर रोक लगाई जाए।



## गन्ना खेतों में जलाई जा रही पतरोई से निकलने वाली कालिख बनी परेशानी का कारण

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। लगातार बिगड़ रहे पर्यावरण को लेकर न तो प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा ध्यान दिया जा रहा है और न ही आम लोगों द्वारा जिसका परिणाम यह जान पड़ने लगा है कि क्षेत्र की स्थिति एक दिन इस प्रकार से बन जावेगी जिस प्रकार से देश की राजधानी दिल्ली में निर्मित होते हुये देखी जा रही है, क्योंकि इस समय किसानों के खेतों में गन्ना कटाई का कार्य पूर्ण होने के बाद जहां किसानों द्वारा अपने खेतों को खाली करने के लिये खेतों में पड़ी हुई गन्ने की पतरोई को धडल्ले से जलाया जा रहा है, वही दूसरी ओर क्षेत्र की शुगर मिलों में काम करने के लिये बाहर से आये हुये लोगों द्वारा भी अपनी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये गन्ने की फसल को पहले आग के हबाले करते हुये कटाई की जा रही है। इस प्रकार से गन्ने की पटराई को जलाने का परिणाम है कि नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र में गन्न की जली हुई पटरोई के कारण दिन भर कालिख उड़ते हुये देखी जा रही है जो लोगों की छतो सहित मुख्य मार्गो पर पड़ी हुई आसानी से देखी जा सकती है। बताया जाता है कि बाहर से आये हुये गन्ना काटने का कार्य करने वाले लोगों द्वारा काटे गये गन्ने से पत्ते हटाने में होने वाली परेशानी से निजात पाने के लिये पहले उसमें आग लगा दी जाती है जिसके चलते सूखे पत्ते जल जाने से गन्ने की कटाई करने में सुविधा होती है, इस प्रकार से अपने स्वार्थो के चलते जहां खुलेआम पर्यावरण से खिलबाड़ की जा रही है। वही दूसरी ओर कुछ किसानों द्वारा भी अपने खेतों को खाली करने की सोच रखते हुये खेतों में पड़ी हुई गन्ने की पतरोई को धडल्ले से जलाया जा रहा है, इस प्रकार से खेतों में पड़ी हुई पतरोई के जलाने पर प्रतिबंध लगना जरूरी हो गया है यदि समय रहते हुये ध्यान नही दिया गया तो हमारा क्षेत्र में दिल्ली के समान बनने में देर नही लगी और लोगों को सांस लेने के लिये शुद्व हवा मिलना मुश्किल हो जावेगा?

जय भीष्म.... जय गंगा मैया.... जय कुरूवंश....
श्री भीष्म पितामह जयंती
के पावन अवसर पर क्षेत्रवासियों व समस्त कुरूवंश कौरव सामाजिक बंधुओं को
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई






राजेश कौरव (राजू भैया)


सतीश कौरव

नगर का सर्व सुविधायुक्त शादी घर रॉयल पैलेस
वायपास रोड सोया प्लांट के पास गाडरवारा
बुकिंग हेतु संपर्क- मो. 9407361478 सौ. :- रॉयल पैलेस

# शहपुरा विकासखंड के ग्राम पंचायत मानिकपुर में लोक कल्याण एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

डिंडौरी।

मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री के निर्देशन में संचालित "प्रशासन गांव की ओर"अभियान के अंतर्गत विकासखंड शहपुरा की ग्राम पंचायत मानिकपुर में लोक कल्याणकारी एवं स्वास्थ्य शिविर का भव्य आयोजन किया गया।





यह शिविर कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जिसका उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना रहा।शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में शहपुरा विधायक ओम प्रकाश धुर्वे, जनपद अध्यक्ष प्रियंका आर्मो, ग्राम पंचायत मानिकपुर की सरपंच गीता मरावी सहित ज्ञानदीप त्रिपाठी, सुरेन्द्र मार्को, सरोज परस्ते, कीर्ति भीमशंकर साहू, राजेन्द्र तिवारी, मनोहर लाल साहू, घनश्याम कछवाहा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात भारत माता के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ग्राम मानिकपुर में स्वीकृत 33 केवी विद्युत सब-स्टेशन का भूमिपूजन भी किया गया, जिसका उद्घाटन विधायक द्वारा फीता काटकर किया गया।सभा को संबोधित करते हुए विधायक ओम प्रकाश धुर्वे ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को सिंचाई हेतु विद्युत कनेक्शन एवं सौर ऊर्जा आधारित पंप उपलब्ध करा रही है। कसा, सकुन, सिलगी एवं नर्मदा नदी के दोनों किनारों पर किसानों को सौर ऊर्जा पंप प्रदान किए जा रहे हैं, जिससे कृषि उत्पादन बढ़ेगा और किसानों की आय में वृद्धि होगी।शिविर के दौरान ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, विद्युत, पेंशन एवं स्कूल भवन से संबंधित समस्याएं रखीं। कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने संबंधित अधिकारियों को 15 दिवस के भीतर निराकरण के निर्देश दिए।जिला प्रशासन की ओर से अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत पंकज जैन, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, सहायक आयुक्त राजेन्द्र कुमार जाटव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मनोज पांडे, डॉ. संतोष परस्ते, महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्याम सिंगौर, जिला शिक्षा अधिकारी सुमन परस्ते, डीपीसी श्वेता अग्रवाल, जिला पशु चिकित्सा अधिकारी एच.पी. शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मानिकपुर में आयोजित यह लोक कल्याण एवं स्वास्थ्य शिविर संवेदनशील और जनोन्मुखी प्रशासन का उदाहरण बना। विभिन्न विभागों द्वारा मौके पर ही सेवाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो सका।विधायक ने कहा कि इस प्रकार के शिविर शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुँचाने का प्रभावी माध्यम हैं। इससे कृषि, दुग्ध उत्पादन, लघु एवं कुटीर उद्योगों के माध्यम से युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर मिलते हैं। उन्होंने कोदो-कुटकी जैसे मोटे अनाज, जैविक खेती एवं स्थानीय संसाधनों के संरक्षण पर भी जोर दिया।लोक कल्याण शिविर में कुल 1830 नागरिक विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हुए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 465 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें एक्स-रे, शुगर, बीपी, सिकल सेल, मोतियाबिंद, रक्त एवं मूत्र जांच शामिल रही। गर्भवती महिलाओं का परीक्षण कर परामर्श दिया गया तथा आवश्यक दवाइयों एवं चश्मों का वितरण किया गया।महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। लाड़ली लक्ष्मी योजना, मातृ वंदना योजना, संबल योजना 2.0, आयुष्मान कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, स्व-सहायता समूहों को सीसीएल स्वीकृति, पोषण आहार किट वितरण एवं बाल आशीर्वाद योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। शिविर में स्थानीय व्यंजनों का प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र रहा।कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय स्तर के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही दसवीं-बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, पशुपालकों को क्रेडिट कार्ड, नल-जल योजना के क्रियान्वयनकर्ताओं, लाड़ली बहनों, वन अधिकार पट्टाधारकों, पेंशन हितग्राहियों, वन समितियों एवं अन्य लाभार्थियों को अनुदान एवं स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने कहा कि जिले में बड़ी संख्या में जनजातीय परिवार निवास करते हैं, इसलिए शासन की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुँचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से प्रत्येक शनिवार को लोक कल्याण शिविर, स्वास्थ्य शिविर एवं रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने शिविर के सभी स्टालों का निरीक्षण कर हितग्राहियों से संवाद किया तथा ग्रामीणों से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की।

## खबर संक्षेप

### शिवीन दुबे के नाबाद शतक के बदौलत मंडला ने पाटनगढ़ को 113 रनों से हराया



अमरपुर। जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर में यंग स्टार स्पोर्ट क्लब अमरपुर के तत्वावधान में स्व. लोकमन साहू खेल मैदान में सांसद कप लेदर बॉल अमरपुर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित किया गया हैं। जिसके तहत रविवार को ब्लेक पेंथर मंडला एवं पाटनगढ़ के मध्य मैच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्लेक पेंथर मंडला ने अपने निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 267 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। अपने टीम के लिए बल्लेबाजी करते हुए शिवीन दुबे ने 35 गेंदों पर 7 चौके व 10 छक्कों की मदद से शानदार 102 रनों की शतकीय पारी खेली। इसके अलावा दीपेश 25 गेंदों पर 6 चौके व 3 छक्के की मदद से 44 रन, यश कोष्टा 15 गेंदों पर 26 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। पाटनगढ़ की ओर से गेंदबाजी करते हुए चंद्र प्रकाश और नकुल ने 2-2 विकेट व सुरेंद्र और अनीश ने 1-1 विकेट अपने नाम किए। पाटनगढ़ ने 267 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी और 20 ओवर में 9 विकेट 153 रन ही बना सकी। पाटनगढ़ टीम की ओर से ललित ने 55 गेंदों पर 6 चौकों व 4 छक्कों की मदद से 63 रन, चंद्र प्रकाश ने 20 गेंदों पर 21 रन, सुरेंद्र ने 11 गेंदों पर 17 रनों की नाबाद पारी खेली। ब्लेक पेंथर मंडला की तरफ से गेंदबाजी करते हुए पारस जैन ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 हासिल विकेट प्राप्त किया। इस जीत के साथ ब्लेक पेंथर मंडला ने अगले राउंड के लिए प्रवेश किया। ब्लेक पेंथर मंडला के शिविन दुबे को उनके अभिजीत शतकीय पारी के लिए मैन ऑफ द मैच पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं आज सोमवार को जबलपुर एवं मेकल मंडला के बीच दोपहर 1 बजे से मैच खेला जाएगा।

### सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम स्टेडियम ग्राउंड में आज

उमरिया। स्वामी विवेकानदं जी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में 12 जनवरी को सामूहिक सूर्य नमस्कार युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन स्टेडियम में विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया है । इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी।

### कृषक कल्याण रथ को किया गया रवाना

उमरिया। कृषि उपज मंडी में आयोजित कृषक कल्याण वर्ष 2026 के तहत आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर करकेली विकासखंड के लिए रवाना किया। इस अवसर पर धनुषधारी सिंह ,कमलेश गुप्ता,वीरेन्द्र पटेल,उप संचालक कृषि संग्राम सिंह उपस्थित रहे ।

### कृषि धन-धान्य योजना के तहत जिले में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करें-सीईओ

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने जिले में कृषि धन-धान्य योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी लगातार मेहनत कर कृषकों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने तथा भारत सरकार एवं राज्य सरकार के दिशा निर्देशानुसार योजनाओं का अधिकतम लाभ कृषकों को प्रदान कर खेती में उन्नत तकनीक का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करें। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने उक्ताशय के निर्देश दिये।

# उन्नत तकनीक और आधुनिक ज्ञान से किसान की प्रतिष्ठा बढ़ाएगा कृषि



डिंडौरी ।

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में कृषि विज्ञान केंद्र, डिंडौरी में कृषक कल्याण वर्ष के शुभारंभ अवसर पर "समृद्ध किसान, समृद्ध प्रदेश" की भावना के साथ कृषि रथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, जिला उपाध्यक्ष महेश धूमकेती, सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र राजपूत, जनपद सदस्य श्रीमती रजनी मांदे, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. पंकज जैन, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ. पी.एल. अंबुलकर सहित कृषि वैज्ञानिक डॉ. गीता सिंह, डॉ. रेणु पाठक, डॉ. अवधेश पटेल, उपसंचालक कृषि, परियोजना संचालक आत्मा, एसडीओ कृषि, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, बीटीएम, कृषि विस्तार अधिकारी एवं बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसान उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। इसके पश्चात जनप्रतिनिधियों ने कृषकों को संबोधित किया। जिला उपाध्यक्ष श्री महेश धूमकेती ने प्राकृतिक खेती को अपनाने का आह्वान किया। सांसद प्रतिनिधि श्री नरेंद्र राजपूत ने फार्मर रजिस्ट्री, जैविक खेती तथा शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। जिला अध्यक्ष श्री चमरू सिंह नेताम ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की जानकारी देते हुए ग्राम स्तर पर सिंचाई कार्ययोजना तैयार करने की आवश्यकता बताई, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि हो सके।इस अवसर पर कृषि वैज्ञानिकों ने उन्नत कृषि तकनीकों एवं उन्नत किस्म के बीजों की जानकारी दी। उपसंचालक कृषि ने ई-विकास पोर्टल, कृषि रथ के उद्देश्य तथा ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से खाद वितरण की ऑनलाइन प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। परियोजना संचालक आत्मा ने प्राकृतिक खेती और जैविक संसाधन इकाइयों की जानकारी साझा की, वहीं एसडीओ कृषि ने उन्नत कृषि यंत्रों एवं समन्वित कृषि प्रणाली पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम के अंत में अतिथियों, अधिकारियों एवं कृषकों की उपस्थिति में कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर कृषक कल्याण वर्ष का औपचारिक शुभारंभ किया गया।

# अब सपनों को मिलेंगे पंख : पंखिनी योजना के तहत नि:शुल्क कोचिंग के लिए ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा आयोजित

डिंडौरी ।




बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में प्रारंभ किए गए नवाचार "पंखिनी – सपनों को दो पंख" के माध्यम से जिले की बालिकाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर बनाने एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पंखिनी योजना अंतर्गत पंजीकृत बालिकाओं में से चयन हेतु निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं के लिए ऑनलाइन एंट्रेंस एग्जाम का आयोजन रविवार, 11 जनवरी 2026 को किया गया।

ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा के लिए जिले में तीन परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए थे। शासकीय चंद्र विजय कॉलेज डिंडौरी में 213, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय डिंडौरी में 124 तथा शहपुरा में 105 बालिकाएं परीक्षा में सम्मिलित हुईं। इस प्रकार कुल 442 बालिकाओं ने परीक्षा में सहभागिता की।परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु बालिकाओं को प्रातः 11 बजे पंजीयन के लिए उपस्थित होना अनिवार्य था। ऑनलाइन एंट्रेंस एग्जाम दोपहर 12 बजे गूगल फॉर्म के माध्यम से मोबाइल फोन पर प्रारंभ हुआ। निर्धारित समय पर अभ्यर्थियों के मोबाइल पर परीक्षा लिंक भेजा गया, जिसे खोलने के बाद आवश्यक जानकारी भरते ही प्रश्न पत्र प्रदर्शित हुआ। निर्धारित समयावधि पूर्ण होने पर परीक्षा स्वतः समाप्त हो गई। प्रश्न पत्र में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित प्रश्न शामिल थे।परीक्षा के दौरान बालिकाओं ने आत्मविश्वास एवं सहजता के साथ प्रश्न हल किए। उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा में अधिकतम 98 अंक प्राप्त किए गए, जो बालिकाओं की बेहतर तैयारी और क्षमता को दर्शाता है।परीक्षा आयोजन के दौरान डिंडौरी एसडीएम भारती मरावी, सहायक आयुक्त राजेन्द्र जाटव, प्रो. डॉ. रवि सिंह, खेल अधिकारी पी.एस. राजपूत, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री श्याम सिंगौर, सीडीपीओ विपिन डेहरिया सहित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय डिंडौरी के समस्त शिक्षकगण, पर्यवेक्षक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मकर संक्रांति से पूर्व घाटों की सफाई, मैया अभियान के सेवादारों ने चलाया स्वच्छता अभियान





डिंडौरी।

आगामी 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर नर्मदा नदी में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए रविवार प्रातः पुल समीप स्थित घाटों की सफाई की गई। मैया अभियान के सेवादारों द्वारा घाटों पर झाड़ू लगाकर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें एक ट्रैक्टर कचरा एकत्र कर हटाया गया।नेहरू युवा केंद्र के समन्वयक आर.पी. कुशवाहा के नेतृत्व में माँ नर्मदा उद्गम मंदिर परिसर, अमरकंटक में भी सफाई की गई तथा पूरे मंदिर परिसर को पानी से धोकर स्वच्छ किया गया।

मैया अभियान के सेवादारों ने संक्रांति पर्व पर सभी नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि नर्मदा जल में साबुन अथवा सोडा का प्रयोग न करें, केवल जल से स्नान करें तथा घाटों की स्वच्छता बनाए रखें।जिला प्रशासन द्वारा नगर के सात नालों के दूषित जल को रोकने के लिए लगभग एक करोड़ रुपये की योजना बनाए जाने पर मैया अभियान के सभी सेवादारों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रशासन के प्रति आभार जताया।रविवार को आयोजित इस स्वच्छता अभियान में जिला आयुष अधिकारी डॉ. संतोष परस्ते, उत्कृष्ट विद्यालय डिंडोरी के शिक्षक जितेंद्र दीक्षित, प्राचार्य शाहिद खान, प्राचार्य राम विशाल मिथलेश, रक्त देवदूत भागवत यादव, ओमवीर जाट, जगदीश श्याम सहित विद्यार्थी निशा साहू, माही बरोतिया एवं महेंद्र उचेहरा ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।

### शहपुरा में झारिया युवा संघ की मार्गदर्शिका पत्रिका व कैलेंडर का विमोचन



डिंडोरी। जिले के शहपुरा नगर में झारिया युवा संघ मध्य प्रदेश द्वारा प्रकाशित मार्गदर्शिका पत्रिका एवं मार्गदर्शिका कैलेंडर का भव्य विमोचन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के कई जिलों से झारिया समाज के स्वजातीय बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया। कार्यक्रम में नरसिंहपुर, जबलपुर, मंडला, डिंडोरी, उमरिया, सिवनी एवं दमोह जिलों से समाज के जिला अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं नवयुवाओं ने सहभागिता निभाई। मंच से समाज के वरिष्ठजनों और युवाओं ने सामाजिक एकता, संगठन सशक्तिकरण और युवाओं की भूमिका पर अपने विचार रखे। इसी दौरान झारिया युवा संघ की जिला एवं ब्लॉक स्तर की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें मुकेश कुमार झारिया को झारिया युवा संघ जिला डिंडोरी का जिला अध्यक्ष तथा अंकित कुमार झारिया को शहपुरा ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उपस्थित समाजजनों ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए संगठन को मजबूती देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन समाज के उत्थान, आपसी सहयोग और संगठन विस्तार के संकल्प के साथ किया गया।

Court Of Civil Judge Class-I and Chief Judicial Magistrate, District Court, Dindori
Presiding Officer: गिरजेश कुमार सनोदिया
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000023/2025)
रामबाई सैयाम........... .....आवेदक
Vs
जनसाधारण...............अनावेदक
Process Id- / 2026
पेशी दिनांक :- 28/01/2026
प्रेषिती–
(1) जनसाधारण पता – डिण्डौरी जिला डिण्डौरी म.प्र.
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता, कि आवेदक रामबाई सैयाम पता ने मृतक घासीराम सैयाम निवासी वार्ड न. 12 पुरानी डिंडौरी थाना व तह जिला डिंडौरी म.प्र. की खातों व भुगतान की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 28 January 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 28 January 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 09 January 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है
सील (गिरजेश कुमार सनोदिया)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड जिला डिण्डौरी (म.प्र.)
कृपया ध्यान दें-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

# नवागत डिप्टी कलेक्टर सहित अधिकारियों ने किया नर्मदांचल गौ सेवा समिति का दौरा, जैविक खेती मॉडल की ली जानकारी

डिंडौरी/शहपुरा।



जैविक खेती को लेकर डिंडौरी जिले में हो रहे उल्लेखनीय कार्यों को देखने के लिए नवागत डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रियांशी जैन, कृषि उपसंचालक सुश्री अभिलाषा चौरसिया एवं ग्राम विस्तार अधिकारी श्रीपाल पाटीदार ने नर्मदांचल गौ सेवा समिति, ढोंढा स्थित जैविक फार्म हाउस का अवलोकन किया। इस दौरान जैविक कृषि विशेषज्ञ बिहारी लाल साहू ने फार्म में अपनाए जा रहे जैविक कृषि मॉडल की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की।जैविक विशेषज्ञ बिहारी लाल साहू ने बताया कि जैविक उत्पाद ना केवल इंसानी स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं बल्कि मिट्टी की सेहत बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।उन्होंने अधिकारियों को केंचुआ खाद, वर्मिवाश, अग्नि अस्त्र, जीवामृत, बीजोपचार सहित जैविक कारकों की प्रक्रिया का लाइव डेमो दिखाया।फार्म हाउस में इन दिनों तैयार की जा रही फसलों में केला, पपीता, अदरक, करेला, सेमी, मूली, टमाटर, गोभी, बैंगन, आलू, मटर, प्याज, लहसुन, लाल भाजी, मेथी भाजी सहित कई सब्जियों का जैविक उत्पादन देखा गया। अधिकारियों ने उत्पादन की गुणवत्ता, पद्धति और प्रबंधन की सराहना की।गौरतलब है कि विशेषज्ञ बिहारी लाल साहू पिछले 10 वर्षों से जैविक खेती कर रहे हैं। वे स्वयं खेती करने के साथ-साथ ग्रामीण किसानों सहित महाविद्यालय, विद्यालय, सरकारी विभाग एवं विभिन्न संस्थानों के माध्यम से जैविक कृषि प्रशिक्षण देकर किसानों को प्रेरित कर रहे हैं। उनके फार्म हाउस को जिले में ऑर्गेनिक फार्मिंग का मॉडल भी माना जाता है।कार्यक्रम में कृषि उपसंचालक सुश्री अभिलाषा चौरसिया, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रियांशी जैन, ग्राम विस्तार अधिकारी श्रीपाल पाटीदार, आयुष और प्रगति साहू उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## बरमान मेले का शुभारंभ आज

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह और मंडला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते व नर्मदापुरम सांसद चौ. दर्शन सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में बरमान मेले का शुभारंभ सोमवार 12 जनवरी को अपरान्ह 3 बजे से ग्राम पंचायत बरमानखुर्द के ब्रह्माण घाट में किया जायेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक तेंदूखेड़ा विश्वनाथ सिंह पटैल करेंगे। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़िया, गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश, राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकतंत्र सेनानी संघ व पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, पूर्व विधायक भैयाराम पटेल, रामसनेही पाठक, जनपद पंचायत चांवरपाठा के अध्यक्ष सोबरन सिंह ठाकुर व उपाध्यक्ष आयुष रघुवंशी, जनपद पंचायत करेली की अध्यक्ष सुश्री प्रज्ञा परिहार व उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू साहू की उपस्थिति रहेंगी।

## सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस युवा दिवस के उपलक्ष्य में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम सोमवार 12 जनवरी को उत्कृष्ट विद्यालय स्टेडियम ग्राउंड नरसिंहपुर में प्रात 9 बजे से 10.30 बजे तक आयोजित किया जायेगा। सामूहिक सूर्य नमस्कार पल प्रतिपल कार्यक्रम के अनुसार 9 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर विद्यार्थियों का मैदान में एकत्रीकरण एवं सूर्य नमस्कार के लिए अपेक्षित दूरी पर पंक्तिबद्ध होंगे। प्रात 9.20 बजे मुख्य अतिथि व अन्य जनप्रतिनिधियों का आगमन, मां सरस्वती तथा स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, प्रातः 9.30 बजे से 10.15 बजे तक राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम्, स्वामी विवेकानंद जी की वाणी, मुख्यमंत्री के संदेश व सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम और आभार व कार्यक्रम का समापन प्रात 10.30 बजे किया जायेगा।

**मृत्यु प्रमाण पत्र पर भी संदेह.....**

# जिंदा व मृत में उलझी कहानी या मृत्यु प्रमाण पत्र फर्जी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

**सरकार द्वारा लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करने के लिए अनेकों चला कर लोगों को बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रयासरत है लेकिन प्रशासन मे बैठे गैरजिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों की लापरवाही के कारण लोगों को अनेकों परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लापरवाह कर्मचारियों के कारण एक बार फिर जिला चिकित्सालय संदेह के घेरे मे है। कलेक्टर से की गई शिकायत के अनुसार कर्मचारी व अधिकारियों द्वारा अवैध लेनदेन कर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया गया। जिसकी जांच प्रशासन द्वारा कराई जा रही है। जांच के उपरांत ही सच सामने आ सकेगा।**

### मामला इस प्रकार

शिकायतकर्ता द्वारा कलेक्टर से की गई शिकायत मे उल्लेख किया गया है कि कमल जोशी पिता कोमल श्रीवास्तव की मृत्यु जिला चिकित्सालय में हुई। जिसका जिला चिकित्सालय द्वारा 10 फरवरी 2025 को मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया गया। शिकायत मे बताया गया है कि मृत्यु प्रमाण पत्र के संबंध मे कोई रिकॉर्ड मेलजोल नहीं खा रहा है। उक्त प्रमाण पत्र पर संदेह उत्पन्न कर शिकायत की गई। शिकायत के पर कार्रवाई करते हुए कलेक्टर के निर्देश पर जांच कमेटी गठित की गई। जांच टीम द्वारा जांच की जा रही है। अब देखना होगा की जांच में क्या सामने आता है या प्रमाण पत्र कूटरचित है या अन्य कोई कारण है। फिलहाल मामला जांच के नाम पर



लंबित है। बिना किसी वैध रिकॉर्ड और डॉक्टर के हस्ताक्षर के जारी हुए इस प्रमाण पत्र ने जिले में हड़कंप मचा दिया है। जानकारी के अनुसार, कमल जोशी पिता कोमल श्रीवास्तव के नाम से जारी इस प्रमाण पत्र में दर्ज विवरण संदिग्ध हैं। रिकॉर्ड में न तो कमल जोशी के भर्ती होने की जानकारी है और न ही अस्पताल में उसकी मृत्यु का कोई साक्ष्य है आशंका जताई जा रही है कि यह पूरा प्रपंच बीमा क्लेम हड़पने या


हरिभूमि

मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर सवालों के घेरे मे जिला चिकित्सालय

अनुकंपा नियुक्ति पाने के लालच में रचा गया है।

### विश्वनीयता पर लगा प्रश्नचिन्ह

जिला चिकित्सालय द्वारा जारी किए जा रहे जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र पर सवालों खड़े होना गंभीर विषय है। क्योकि जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन बड़ी संख्या मे बच्चों का जन्म होता है तथा अनेकों बीमार की मरीजों की मृत्यु होती है। यदि कूट रचित मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराया गया है जो जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों पर ठोस कार्रवाई करे जिससे भविष्य ऐसी घटना दोबारा ना हो। क्योकि यदि सरकार की जन्म मृत्यु पंजीयन पर प्रश्नचिन्ह लगता है तो लोगों समस्याओं का भी सामना करना पड़ेगा और लोग जन्म मुत्यु पंजीयन कराने से परहेज करने लगेंगे। प्रशासन को चाहिए की जांच कर ठोस कार्रवाई करे जिससे लोगों जन्म व मुत्यु के पंजीयन में संदेह उत्पन्न ना हो। उक्त मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या कमल जोशी वास्तव में मृत है या वह जीवित होकर भी कागजों में मुर्दा बना दिया गया है। ऐसे कई सवाल उत्पन्न हो रहे है।

### कर्मचारियों की मिलीभगत का अंदेशा

जिला चिकित्सालय द्वारा जारी किए गए प्रमाण पत्र के संबंध गठित की गई चार सदस्यीय जांच टीम जांच मे जुटी हुई है। जांच टीम द्वारा उक्त संबंध मे कुछ दस्तावेज भी जब्ती मे लिए गए है। सूत्रों की माने तो अस्पताल की जन्म-मृत्यु शाखा के कर्मचारी बाहरी बिचैलियों के माध्यम से 500 से 1000 रुपये लेकर चंद दिनों में जाली दस्तावेज तैयार कर देते हैं। अस्पताल के बाहर स्थित एक निजी ठेले के माध्यम से इस काले कारोबार के तार जुड़े होने की भी चर्चा है। नियमों के अनुसार, ऐसे गंभीर मामले में तत्काल एफआईआर और संबंधित दोषियों का निलंबन होना चाहिए था, किंतु अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जांच टीम की चुप्पी और अस्पताल प्रबंधन का टालमटोल वाला रवैया मिलीभगत की ओर इशारा कर रहा है। यदि जल्द ही इस फर्जीवाड़े का पर्दाफाश नहीं हुआ, तो भविष्य में जीवित व्यक्तियों को मृत दिखाकर करोड़ों के बीमा घोटाले और सरकारी नौकरियों की बंदरबांट जैसी घटनाएं आम हो सकती हैं। उक्त प्रमाण पत्र जारी करने मे कर्मचारियों की मिलीभगत का भी अंदेशा है।

### इनका कहना है

उक्त मामले को लेकर कलेक्टर द्वारा जांच कमेटी गठित की गई । जांच जो तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार आगे की कार्रवाई जिला प्रशासन द्वारा की जावेगी।

**डॉ. राजकुमार चौधरी, सिविल सर्जन**

## स्वाभिमान से राष्ट्र निर्माण तक का संकल्प

# आरएसएस युवा सम्मेलन में पंच परिवर्तन पर हुआ मंथन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का जिला स्तरीय युवा सम्मेलन जिला मुख्यालय स्थित स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित किया गया। सम्मेलन में नरसिंहपुर, करेली, गोटेगांव, सिंहपुर एवं मुंगवानी खंड से आए स्वयंसेवकों व युवाओं के साथ बड़ी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही। यह सम्मेलन संघ के शताब्दी वर्ष कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित किया गया। युवा सम्मेलन का आयोजन तीन सत्रों में किया गया। जिसमें प्रथम सत्र में ध्वज प्रणाम के साथ शाखा लगाई गई। विभिन्न खंडों से आए स्वयंसेवकों ने शारीरिक व्यायाम एवं खेल गतिविधियों में सहभागिता कर अनुशासित जीवन और उत्तम स्वास्थ्य के महत्व को आत्मसात किया। द्वितीय सत्र में संघ द्वारा घोषित पंच परिवर्तन विषय पर सकारात्मक एवं विचारोत्तेजक चर्चा हुई। इसमें सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य, स्वदेशी जैसे विषयों पर विस्तार से विमर्श किया गया। साथ ही नशा मुक्ति को सामाजिक दायित्व के रूप में अपनाने का आह्वान किया गया। तृतीय सत्र में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ताओं के उद्बोधन हुए। इस अवसर पर सह प्रांत प्रचारक श्रवण, मुख्य अतिथि ब्रह्मचारी अचलानंद महाराज परमहंसी, जिला संघचालक आदित्य मोहन एवं विभाग कार्यवाह प्रहलाद पटेल मंचासीन रहे। सह प्रांत प्रचारक श्रवण सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि संघ के सौ वर्षों की यात्रा का मूल उद्देश्य राष्ट्र के प्रति स्वाभिमान की भावना को जागृत करना है। उन्होंने डॉ. हेडगेवार के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत पर



हुए बाहरी आक्रमणों का मुख्य कारण हिंदू समाज में स्वाभिमान की कमी रही है। उन्होंने कहा कि जब युवाओं के मन में भारत माता के प्रति श्रद्धा जागेगी, तभी वे देश, समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे। युवाओं को चाहिए कि वे करियर और परिवार के साथ-साथ राष्ट्र के लिए भी चिंतन करें। स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेकर युवाओं को भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने का संकल्प लेना चाहिए। मुख्य अतिथि ब्रम्हचारी अचलानंद महाराज परमहंसी ने कहा कि भगवान राम ने सोने की लंका जीतने के बाद उसे विभीषण को सौंप दिया, क्योंकि उनके लिए जननी और जन्मभूमि सर्वोपरि थीं। युवा वह शक्ति है जो हर सकारात्मक परिवर्तन का आधार बन सकती है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी क्षमता, साहस और गुणों का उपयोग राष्ट्र की उन्नति एवं गौरव बढ़ाने में करें। सम्मेलन के अंत में युवाओं ने राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।



### प्रदर्शनी का किया अवलोकन

इस अवसर पर स्टेडियम ग्राउंड परिसर में 1925 से 2025 तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की 100 वर्षों की यात्रा पर आधारित चित्र प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी में संघ के विभिन्न कार्यों, सामाजिक अभियानों और ऐतिहासिक पड़ावों को प्रभावी रूप से दर्शाया गया। प्रदर्शनी स्थल का नामकरण जिले के अमर शहीद स्वर्गीय आशीष शर्मा के नाम पर किया गया, जबकि संपूर्ण परिसर का नाम युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के नाम पर रखा गया। सम्मेलन के दौरान मातृ शक्ति द्वारा रंगोली के माध्यम से पंच परिवर्तन, मिशन सिंदूर, नशा मुक्ति एवं सामाजिक समरसता का सशक्त संदेश दिया गया। रंगोली ने उपस्थित जनसमूह को सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक किया और कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण बनी। अतिथियों एवं स्वयंसेवकों ने रंगोली एवं प्रदर्शनी का अवलोकन कर इसकी सराहना की।युवा सम्मान समारोह का मंच संचालन और आभार आयुष शर्मा ने किया।

# फिट इंडिया मूवमेंट के तहत कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहेटा में आयोजित संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक पुरुष स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के पूजन के साथ किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं उच्च शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के स्वयंसेवकों की उपस्थिति में शिक्षक गण एवं कार्यक्रम अधिकारी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर फिट इंडिया मूवमेंट की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए सभी छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवकों एवं आम नागरिकों को स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। नियमित साइकिलिंग एवं शारीरिक गतिविधियों को स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक बताया गया। कार्यक्रम के दौरान फिटनेस की डोज आधा घंटा रोज के सिद्धांत को अपनाने पर विशेष जोर दिया गया। स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए उम्र एवं स्वास्थ्य के अनुरूप व्यायाम, योगासन एवं यौगिक क्रियाओं की जानकारी दी गई। आंवले के योग सहित अन्य सरल योगाभ्यासों के माध्यम से दैनिक जीवन में स्वास्थ्य सुधार के उपाय बताए गए। इस प्रेरक एवं जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य बक्शी, समस्त स्टाफ, छात्रावास अधीक्षक एवं अधीक्षक सहित विद्यालय परिवार के स्वप्नेश्वर सर, आकाश सर एवं गणेश का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों एवं नागरिकों को नियमित व्यायाम और साइकिलिंग अपनाकर स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया।



# उप स्वास्थ्य केंद्र अपनी बदहाली और प्रशासनिक अनदेखी के कारण खुद बीमार पड़ा



**गोटेगांव।** शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के उद्देश्य से आयुष्मान आरोग्य मंदिर और हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर जैसे बड़े नाम देकर उप स्वास्थ्य केंद्र तो खोल दिए गए हैं, लेकिन गोटेगांव के समीपस्थ ग्राम कंजई में यह योजना कागजों तक ही सीमित नजर आ रही है। कंजई का शासकीय उप स्वास्थ्य केंद्र अपनी बदहाली और प्रशासनिक अनदेखी के कारण वर्तमान में खुद बीमार पड़ा है।ताले में कैद है स्वास्थ्य सेवाएंः ग्रामीणों ने बताया कि यह उप स्वास्थ्य केंद्र अक्सर बंद रहता है। इसके मुख्य गेट से लेकर भवन के दरवाजे तक पर ताला लटका रहता है। हालात देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह भवन पिछले तीन-चार महीनों से खुला ही नहीं है। भवन के प्रवेश द्वार के सामने बड़ी-बड़ी झाड़ियाँ उग आई हैं और मुख्य द्वार पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जहाँ मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' के मिशन के बीच इस केंद्र की हालत विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है।छलांग लगाकर जाना पड़ता है अंदरः स्वास्थ्य केंद्र के ठीक बगल से एक कच्ची नाली बह रही है, जिसमें गंदा पानी जमा रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि कभी यह केंद्र खुल भी जाता है, तो मरीजों को भवन के अंदर जाने के लिए उस गंदी नाली के ऊपर से लंबी छलांग लगानी पड़ती है। बीमार व्यक्ति या बुजुर्गों के लिए इस मार्ग से अंदर जाना लगभग नामुमकिन है। मरीजों को भागना पड़ता है गोटेगांवः ग्रामवासियों का कहना है कि यहाँ पदस्थ कर्मचारियों का कोई अता-पता नहीं रहता। छोटी-मोटी चोट या मलहम-पट्टी जैसी प्राथमिक सुविधाओं के लिए भी ग्रामीणों को कई किलोमीटर दूर गोटेगांव स्वास्थ्य केंद्र भागना पड़ता है। कर्मचारियों की इस गैर-जिम्मेदारी और केंद्र के बंद रहने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि इस केंद्र को नियमित खुलवाया जाए और यहाँ की गंदगी व झाड़ियों की सफाई कराकर सुगम रास्ता बनाया जाए।

# जनप्रतिनिधियों ने कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में कृषक कल्याण वर्ष 2026 का शुभारंभ रविवार को हुआ। जनप्रतिनिधियों व कृषकों की मौजूदगी में जिले में कृषि रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कृषक कल्याण वर्ष 2026 के शुभारंभ के कार्यक्रमों का आयोजन गोटेगांव में विधायक महेन्द्र नागेश, कृषि विज्ञान केन्द्र नरसिंहपुर में रामसनेही पाठक, जिला कृषि स्थाई समिति अध्यक्ष सीताराम नामदेव, उप संचालक कृषि मोरिस नाथ, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी एवं किसान की मौजूदगी में और जिले के अन्य विकास खंडों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में जम्बूरी मैदान भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को जिले में देखा व सुना गया।

# सांदीपनि विद्यालय में रानी दुर्गावती वि.वि जबलपुर के कोऑर्डिनेटर का आगमन

**गोटेगांव**




विगतदिवस शासकीय सांदीपनि विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना रानी दुर्गावती वि.वि जबलपुर के कोऑर्डिनेटर डॉ. आर.के मेहरा का आगमन हुआ सर्वप्रथम विद्यालय प्राचार्य एस.के सिसोदिया एवं कार्यक्रम अधिकारी संजीव कुमार नाहर द्वारा पुष्प गुच्छ से डॉ मेहरा का स्वागत कर संस्था की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट किया गया तत्पश्चात डॉ. मेहरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरुआत 24 सितंबर, 1969 को महात्मा गांधी की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य ₹सेवा के माध्यम से शिक्षा₹ और छात्रों के व्यक्तित्व और सामाजिक जिम्मेदारी का विकास करना है, यह भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित एक स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा कार्यक्रम है, राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) में वर्तमान में 40 लाख छात्र स्वयंसेवक नामांकित हैं, जो देशभर की 41000 इकाइयों में फैले हैं, जिनमें विश्वविद्यालय, कॉलेज और उच्च माध्यमिक विद्यालय शामिल हैं, और यह भारत के सबसे बड़े युवा विकास कार्यक्रमों में से एक है। रासेयो विश्व को भारत की परोपकारी भावना से परिचित कराता है. । यह छात्रों को समाज से जुड़ने और राष्ट्र के विकास में योगदान करने का एक सशक्त माध्यम प्रदान करता है. ₹सेवा के माध्यम से शिक्षा₹ के नारे के साथ छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी, नेतृत्व और सामुदायिक सेवा की भावना विकसित करता है और साक्षरता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, रक्तदान, स्वच्छता अभियान, आपातकालीन राहत, और राष्ट्रीय एकता कार्यक्रम में स्वयंसेवक की महत्वपूर्ण भागीदारी निभाते है । कार्यक्रम में प्रीतम पटेल, रूपसिंह चौधरी और सभी स्वयंसेवकों की उपस्थिति रही । अंत में आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी संजीव नाहर द्वारा किया गया

## नगर में नहीं है पार्किंग व्यवस्था

**तेंदूखेड़ा।** नगर में मुख्य रूप से पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। शनिवार के दिन लगने वाले साप्ताहिक बाजार या फिर प्रमुख डाक्टरों के क्लीनिकों के समीप मरीजों को लेकर आने वाले वाहनों को खड़ा करने की बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है।बाहन भी यहां वहां खड़े करने से उनकी सुरक्षा को लेकर बड़ी समस्या बनी हुई है। तेंदूखेड़ा के स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि इस दिशा में प्रमुखता से उचित व्यवस्था बनाई जाये।

## संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा एवं 16 वां श्री सीताराम महायज्ञ

**तेंदूखेड़ा** ।धरातल से लगभग 17 सौ फुट की ऊंचाई पर स्थित धर्म आस्था का सिद्ध स्थल पीपरवानी पान का प्रमुख मृगन्नाथ धाम में विगत 16 वर्षों से चली आ रही श्री सीताराम महायज्ञ की श्रंखला के चलते आगामी 19 जनवरी से 27 जनवरी के बीच 16 वां श्री सीताराम महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का आयोजन किया जा रहा है।19 जनवरी को विशाल कलश यात्रा के साथ महायज्ञ का शुभारंभ होगा वहीं 20 से 26 जनवरी से राधिका किशोरी जी के मुखारविंद से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा महापुराण दोपहर दो बजे से शाम 05 बजे तक चलेगी। तथा 25 जनवरी को पुण्य सलिला मां नर्मदा जयंती महोत्सव शाम 7 बजे से धूमधाम से मनाया जाएगा।27 जनवरी को विशाल भंडारे के साथ समापन होगा। यज्ञाचार्य पं शीतल नारायण दीक्षित एवं यज्ञ कर्ता महंत पं बंगडदास जी महाराज रहेंगे।मृगन्नाथ धाम आयोजन समीति ने सभी श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।

### 45 वां श्री सवितृनारायण महायज्ञ 25 जनवरी से

**तेंदूखेड़ा** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र सहित आसपास क्षेत्रों में धार्मिक आयोजन की श्रंखला चल रही है।इसी श्रंखला के चलते समीपी सिद्ध स्थल श्री राम रसिया धाम सीहोरा में 45 वां श्री सवितृनारायण महायज्ञ का आयोजन आगामी 25 जनवरी से 1 फरवरी तक होगा।25 जनवरी से विशाल कलश यात्रा मां नर्मदा जी के पावन तट बौरास घाट से निकाली जायेगी।साथ ही प्रतिदिन सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक पं नवीन बिहारी जी महाराज एवं दोपहर डेढ़ बजे से शाम 04 बजे तक पं श्याम मनावत जी महाराज के मुखारविंद से संगीतमय कथा का वर्णन किया जायेगा। यज्ञाचार्य पं राघवाचार्य महाराज रहेंगे। गौरतलब रहे कि श्री राम रसिया धाम सीहोरा एक सिद्ध स्थल है जहां प्रत्येक मंगलवार को बैठक के माध्यम से संकटमोचक आस्थावान भक्तों के संकटों को दूर करते हुए हर मुराद पूर्ण करते हैं।

# बैंक के सामने पार्किंग व्यवस्था ना होने से सड़कों पर लगता है जाम

**तेंदूखेड़ा** । इन दिनों पार्किंग व्यवस्था को लेकर विवादों की मुख्य बजह देखने को मिल रही है। जिला प्रशासन ने भी सुधार की दिशा में पार्किंग वाले क्षेत्रों में नोटिस भेजना शुरू किया था लेकिन तेंदूखेड़ा तहसील मुख्यालय में इसका कोई असर नहीं पड़ा है।बस स्टैंड से मंडी चौराहे तक सड़क मार्ग सड़कें चौड़ी बन जाने के बाद भी पार्किंग व्यवस्था और आवागमन में पीड़ा दायक बनें हुए हैं। तेंदूखेड़ा के पुराने बस स्टैंड से क्रृषि उपज मंडी तरफ जाने वाली सड़क मार्ग पर बैंकिंग क्षेत्र की संस्थाओं डाक्टरों की क्लीनिकें सोने चांदी और अनाज व्यापारियों की दुकानें बड़ी संख्या में हैं। लेकिन इस सड़क मार्ग पर आज स्थिति यह बनीं हुई है कि चौड़ी सड़क बन जाने के बाबजूद भी सड़क आज सकरी बनीं हुई है।मनचले तरीके से लोगों को बाहन खड़ा करके जाना सामने तरफ से आने वाले भारी वाहनों को बाहन निकालने में होने वाली परेशानी हाट टांक देखने को मिला करती है। ऊपर से मवेशियों का जमावड़ा कोढ़ में खाज वाली कहावत को चरितार्थ कर रहा है।

मंडी सड़क मार्ग पर मुख्य रूप से राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा संचालित है लेकिन इनके सामने पार्किंग की कोई उचित व्यवस्था ना होने के कारण शाखाओं के बाजू से रहने वाले अन्य व्यापारी वर्ग रहवासी परेशान बनें हुए हैं।आये दिन बाहन खड़ा करने को लेकर कहासुनी होना अब आम बात हो गई है। बैंकों के प्रबंधनों को चाहिए कि अपने अपने व्यवसाय के चक्कर में दूसरे अन्य व्यापारी वर्ग परेशान ना हो।

**18 जनवरी से 25 तक भव्य संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा**

# मां नर्मदा जन्मोत्सव के पावन पर्व पर भव्य शोभा यात्रा

**गोटेगांव**



विगतदिवस- 32वां सोपान मां नर्मदा जन्मोत्सव के पावन पर्व पर मां नर्मदा मंदिर प्रांगण पटेल वार्ड मेंसंगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा ! आगामी दिनांक 18 जनवरी 2026 से 24 जनवरी समय दोपहर 2:00 बजे से 5:00 बजे तक कथा व्यास पंडित श्री सर्वम कृष्ण शास्त्रीजी वृंदावन वालों के मुखारविंद से उपस्थित श्रद्धालुओं को सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का रसपान कराएंगे ! वही चरण सेवक पंडित लखनलाल उपम्मन मां नर्मदा मंदिर पुजारी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह 32वां सोपान मां नर्मदा जन्मोत्सव के पावन पर्व पर संगीतमय भागवत कथा का आयोजन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी किया जाना सुनिश्चित हुआ है जिसमें विविध धार्मिक आयोजन किए जाएंगे 25 जनवरी दिन रविवार को भव्य शोभा यात्रा सुबह 11:00 बजे से मां नर्मदा मंदिर प्रांगण से मुआर घाट प्रस्थान करेगी जहां मां नर्मदा मैया की पूजन अर्चन महा आरती करने के पश्चात विशाल भंडारा आयोजन 3:00 बजे किया जाएगा इसके अलावा रात्रि 8:00 बजे मां नर्मदा मंदिर गोटेगांव पहुंचकर महाआरती कर महाप्रसाद वितरण किया जाएगा ! साथ ही रोजाना पूजन एवं अर्जन रुद्रअभिषेक अनुष्ठान प्रातः 7:00 बजे से सायं 8:00 बजे तक किया जाएगा ! जो भी श्रद्धालु इच्छुक हो वह मंदिर पहुंचकर आयोजन समिति से संपर्क कर सकते हैं ! आयोजन समिति ने भागवत कथा ज्ञान यज्ञ एवं भव्य शोभा यात्रा में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है